## सार-समाचार

### मिट्टी के दीपकों की मांग बढ़ी

**गंगापुर सिटी** । दीपावली नजदीक आते ही गंगापुर सिटी के बाजारों में मिट्टी के दीपकों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस बार वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी अपनाने की भावना के चलते लोग पारंपरिक दीयों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे रोशनी के इस त्योहार की रौनक बढ़ गई है। पिछले कुछ वर्षों में चीनी लाइटों और झालरों का बाजार पर दबदबा था, लेकिन अब एक बार फिर मिट्टी के दीयों की लौ नई चमक के साथ लौट रही है। गंगापुर सिटी उपखण्ड के कई कुंभकार परिवार इन पारंपरिक दीयों को बनाकर न केवल घरों को रोशन कर रहे हैं, बल्कि अपनी पुश्तैनी कला को भी जीवित रखे हुए हैं। कुंभकारों का कहना है कि इस बार ग्राहकों की रुचि फिर से देसी दीयों और पारंपरिक मिट्टी के बर्तनों की ओर बढ़ी है। बाजारों में मिट्टी के दीयों, हाटों और फव्वारों की बिक्री पहले की तुलना में बेहतर हो रही है। हालांकि, कुंभकारों को मिट्टी और ईंधन की बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि लागत बढ़ने के बावजूद दीयों की कीमतें ज्यादा नहीं बढ़ाई जा सकी हैं, जिससे उन्हें अपनी मेहनत का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। कुंभकार जगदीश प्रजापत ने बताया कि लोग अब फिर से मिट्टी के दीपक खरीदने लगे हैं। पहले हम सिर्फ 15 दिन पहले काम शुरू करते थे, लेकिन इस बार एक महीने पहले से ही दीपक बनाना शुरू कर दिया है। बस दाम थोड़ा और अच्छा मिले, तो मेहनत का सही फल भी मिल जाएगा। मिट्टी से दीया बनाने की प्रक्रिया आज भी उतनी ही मेहनतभरी है, जिसमें मिट्टी लाना, उसे छानना, पानी में गूंथना और आकार देना शामिल है। एक ट्रॉली मिट्टी का खर्च हजारों रुपए आता है, और फिर पकाने में भी हजारों रुपए की लकडी लगती है। जानकारों के अनुसार, मिट्टी के दीयों में सरसों का तेल जलाने से देवता प्रसन्न होते हैं, घर में समृद्धि आती है और मच्छर-कीटाणु दूर रहते हैं। यह परंपरा पर्यावरण के अनुकूल भी मानी जाती है।

### दीपावली पर सजे बाजार

**गंगापुर सिटी** । स्थानीय बाजारों में दीपावली पर्व को लेकर रौनक लौट आई है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थाई दुकानें सज गई हैं, जहां पोस्टर, रंगोलियां, मूर्तियां और मिट्टी के दीपक बेचे जा रहे हैं। इन दुकानों पर साज-सजावट का सामान, प्लास्टिक के फूल-पत्तियां, गुलदस्ते और विभिन्न प्रकार के पोस्टर उपलब्ध हैं। ग्राहक शुभ दीपावली, शुभ-लाभ के स्टीकर, द्वार पर सजाने वाले बंदनवार, लटकन, रंग-बिरंगी झालरें और श्री गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों की खरीदारी कर रहे हैं। पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरुआत 18 अक्टूबर को धनतेरस के साथ होगी। शहर में व्यापार मण्डल चौराहे से लेकर देवी स्टोर चौराहा तक लगभग 8-10 दुकानें दीपावली से संबंधित सजावट सामग्री सज गई है। लोग घरो की सफाई कर साज सज्जा का सामान खरीद रहे है जिससे फुटपाथ पर दुकान लगा कर बेच रहे दुकानदारो में खुशी हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों सहित उदेई मोड, सालोदा, ईदगाह, मिर्जापुर, कॉलेज रोड जैसे स्थानों पर भी ठेलागाड़ियों और फुटपाथ पर सजावटी सामान की दुकानें लगी हैं। क्षेत्र में तीज-त्योहारों पर पूजन सामग्री और सजावट के सामान को लेकर लोगों में काफी रुझान है। अष्ट धातु के श्री गणेश, लक्ष्मी जी और हनुमान जी की मूर्तियों की भी अच्छी मांग है, जिनकी कीमत वजन और आकार के आधार पर 700 से 4000 रुपए तक है। पूजन सामग्री विक्रेता राधाचरण गुप्ता ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षो से यह काम कर रहे हैं। जन्माष्टमी और नवरात्र के बाद दीपावली पर भी ग्राहकी बनी हुई है।

### बॉक्सरों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**करौली** (निंसं.)। जोधपुर में आयोजित 41 राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता बॉक्सिंग प्रतियोगिता 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित हुई उसमें करौली जिले के बॉक्सरों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 65 से 70 किलो भार वर्ग में विवेक मीणा ने जयपुर के जितेश चौधरी को तकनीकी आधार पर 5.0 से हराकर करौली जिले के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस दौरान बॉक्सिंग संघ से जुड़े धारा सिंह मीणा ने बताया कि प्रतियोगिता के अंदर विवेक मीणा ने अपनी चारों बाउट 5.0 के अंतर से जीती विवेक मीणा लगातार 2023 में श्रीगंगानगर, 2024 में कोटा में सीनियर प्रतियोगिताओं में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर करौली जिले का नाम राजस्थान के पटल पर दर्ज कराया इस मौके पर जिला बॉक्सिंग संघ के सभी पदाधिकारी ने विवेक मीणा को बधाई दी और साथ में उनके कोच दारा सिंह मीणा ,बॉबी सिंह राजावत को भी बधाई दी । इस मौके पर जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष अखिलेश गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश बंसल बीज वाले, उपाध्यक्ष बबलू शुक्ला , चेतराम मीणा, रिद्धि चंद्र बंसल, छोटे भंवर, जीतू गर्ग पार्षद, जिला बॉक्सिंग संघ के पुष्पेंद्र शर्मा, साजिद खान, धीरेंद्र बैसला, विक्रम गड़ी, महेश बैंसला, राष्ट्रीय खिलाड़ी नरेंद्र सिंह बैंसला, सरवर सैनी, जुगल शर्मा स्टेडियम, सोनू सारस्वत एवं सभी खेल प्रेमियों व बॉक्सिंग के खिलाडियों ने खुशी व्यक्त की और मिठाई बांटी।

### युवा महोत्सव अब नवंबर माह में

**करौली** (निंसं.) जिला स्तरीय युवा महोत्सव जिसका आयोजन स्वामी विवेकानंद राज्य के मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में 15 नवंबर को किया जाना था।अब नवंबर में आयोजित किया जायेगा। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल प्रसाद मीणा ने बताया कि राज्य सरकार राजस्थान युवा बोर्ड,युवा मामले एव खेल विभाग राजस्थान सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार युवा महोत्सव का आयोजन आगामी 25 अक्टूबर से 20 नवंबर के मध्य किया जायेगा। करौली जिले में कम रजिस्ट्रेशन होने के कारण जिले के समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी युवा महोत्सव में न्यू रजिस्ट्रेशन के प्रति ध्यान देते हुये।आधिकाधिक रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश दिये गये है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर की रूपवास थाना पुलिस ने एक 15 साल की नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब नाबालिग शौच करने के लिए जा रही थी। उस समय आरोपी ने नाबालिग को पकड लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग की मां ने 4 लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था। आज 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। रूपवास थाना अधिकारी रूप सिंह ने बताया की 26 अगस्त 2025 को एक महिला ने एफआईआर दर्ज करवाते हुए बताया की मेरी 15 साल की नाबालिग बच्ची सुबह शौच के लिए जंगल की तरफ जा रही थी। उस दौरान सोहन सिंह ने अपने साथियों के साथ नाबालिग को पकड लिया और उसे जंगल में ले गया। वहां पर सोहन सिंह ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश की लेकिन, सभी आरोपी फरार थे। जिसके बाद आज पुलिस ने सोहन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस बाकी के आरोपियों की तलाश करने में लगी हुई है।

### चुनाव तिथि 23 अक्टूबर

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में जिला बारवर एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी विजेन्दर शाद ने बताया कि एसोसिएशन के सदस्यता अभियान के अन्तर्गत बनाए गए सदस्यों की रसीद बुक 15 अक्टूबर तक जमा कराना अनिवार्य है। इसके बाद जांच कर 23 अक्टूबर को बारवर एसोसिएशन के चुनाव की तारीख घोषित की जायेगी। चुनाव विधानुसार कराये जायेंगे। जिन सदस्यों ने एसोसिएशन के सदस्य बनाने के लिए रसीद बुक लेकर सदस्य बनाए हैं। वहीं सदस्य चुनाव लड़ने के लिए योग्य होंगे। नवीन सदस्य अध्यक्ष पद को छोड़कर अन्य पदों पर चुनाव लड़ सकेंगे। चुनाव जिला बारवर एसोसिएशन के चुनाव प्रभारी व वर्तमान अध्यक्ष महेश कुमार की देखरेख में सम्पन्न कराये जायेंगे। इस प्रक्रिया में किसी अन्य संगठन का हस्तक्षेप मान्य नहीं होगा।

### संभागीय कमिश्नर का टोडाभीम दौरा 16 को

**करौली** । अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी के पूर्व कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। उन्होने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार संभागीय आयुक्त 16 अक्टूबर को टोडाभीम के उपखण्ड अधिकारी कार्यालय एवं शहरी एवं ग्रामीण जनसेवा शिविरों का निरीक्षण करेंगी। उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इसके अलावा अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं जिला जन अभियोग सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन 16 अक्टूबर को प्रातः 11:00 बजे से भारत निर्माण केन्द्र, कलक्ट्रेट परिसर के वीसी कक्ष में किया गया जाएगा। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश जारी किये गये है। उन्होंने कहा कि अधिकारी तय समय पर उपस्थित हो तथा पूरी तैयारी के साथ आए।

# सभापति पर भ्रष्टाचार का आरोप, पार्षदों का प्रदर्शन

- **करौली नगर परिषद के पार्षदों में जिला कलेक्टर के माध्यम से स्वायत शासन मंत्री को ज्ञापन पेश कर नगर परिषद की मनोनीत सभापति को हटाने एवं सभापति प्रतिनिधि पर खुलेआम भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया।**
- **निर्वाचित पार्षदों ने बैठक कर निर्णय लिया है कि यह मनोनयन गलत किया गया है।**

**करौली**-14 अक्टूबर (निंसं.) करौली नगर परिषद के पार्षदों में जिला कलेक्टर के माध्यम से स्वायत शासन मंत्री को ज्ञापन पेश कर नगर परिषद की मनोनीत सभापति को हटाने एवं सभापति प्रतिनिधि पर खुलेआम भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया।

नगर परिषद के पार्षदों बद्री माली, यतेंद्र सिंह, दीपक शाक्यवार,अंजू वर्मा ,नरेश,भारती बंसल,संजय शर्मा, रमेश आदि ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर स्वायत शासन मंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि नगरपरिषद चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के 13 पार्षद निर्वाचित हुए थे। जिनमें से 11 पार्षदों ने पार्टी के कैम्प में रहकर पार्टी द्वारा घोषित सभापति प्रत्याशी के समर्थन में वोट किया था। दुर्भाग्य से कांग्रेस का सभापति निर्वाचित हो गया। जिसकी भष्ट्राचार के आरोपों की जांच के आधार पर सरकार ने कांग्रेस के सभापति को पदमुक्त कर दिया। जिनके स्थान पर भाजपा पार्षद श्रीमति पूनम पचौरी को सभापति पद की नियुक्ति दी गई। लेकिन 17 मार्च 2025 को घटित घटनाक्रम के तहत पूनम पचौरी के स्थान पर राजरानी शर्मा को सभापति नियुक्त कर दिया गया है।वर्तमान सभापति राजरानी शर्माकांग्रेस के सिम्बल पर पार्षद बनी थी। इनके पति ने विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी एवं स्वयं सभापति राजरानी शर्मा ने संगठन पर्व के अन्तर्गत सदस्यता ठाहण की है। वर्तमान सभापति एवं प्रतिनिधि सुशील शर्मा द्वारा बडे स्तर पर नगरपरिषद में भष्ट्राचार किया जा रहा है तथा विगत 08 माह से इनके द्वारा कोई विकास कार्य नही किया गया है। जिससे सभी पार्षदों में रोष है। इस विषय में हम सभी निर्वाचित पार्षदों ने बैठक कर निर्णय लिया है कि यह मनोनयन गलत किया गया है। जबकि प्राथमिकता यह है कि सभापति का मनोनयन होता है तो हम सभी निर्वाचित भाजपा पार्षदों में से होना चाहिए।अतः आपसे करबध्द निवेदन है कि आगामी नगर निकाय चुनावों को मा0 ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ताओं में निराशा का भाव उत्पन्न ना हो इसलिए इस को निरस्त कर किसी भी भाजपा पार्टी से निर्वाचित पार्षद को सभापति ममोनयन करवाने की कृपा करें।

## सम्मानित शिक्षक का करौली में सम्मान

**करौली** (निंसं.)। शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय संस्कृत शिक्षा से राज्य स्तर पर एक मात्र पुरस्कृत शिक्षक शांतनु पाराशर का करौली के माथुर स्टेडियम में मॉर्निंग वॉक कमेटी सहित पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष और पदाधिकारीयो सहित प्रमुख लोगों का माला,साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। जिला मुख्यालय के निकट राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय हजारीपुरा मे कार्यरत शिक्षक शांतनु पाराशर शिक्षा विभाग के विभिन्न नवाचारों में सराहनीय कार्य करने पर शिक्षक दिवस के अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ,उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के द्वारा श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था जिस शिक्षक के सम्मानित होने पर करौली जिले का नाम रोशन हुआ जिसको लेकर सोमवार को यहां के माथुर स्टेडियम में मॉर्निंग बाक कमेटी अध्यक्ष भरोसी स्वर्णकार और पर्यटन विकास कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बैंसला के नेतृत्व में लोगों ने राज्य स्तर पर पुरस्कृत शिक्षक का माला, साफा पहनाकर स्वागत किया ।

# नगरसेन बाबा की 19 वीं भव्य शोभायात्रा निकाली

- **श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में हुआ विशाल भंडारा**
- **शोभायात्रा में फूल बंगला, आकर्षक झाकियां, बैंड बाजा दल तथा महिलाओं द्वारा कलश यात्रा विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं**

**भरतपुर** (निस) भरतपुर में हीरादास स्थित नगर सैन बाबा मंदिर प्रांगण में सोमवार को श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इससे पूर्व बिजली घर चौराहे से होते हुए बाजार मार्ग से नगरसैन बाबा मंदिर धर्मशाला तक 19वीं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में फूल बंगला, आकर्षक झाकियां, बैंड बाजा दल तथा महिलाओं द्वारा कलश यात्रा विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं। मथुरा गेट मुन्ना कन्नौजिया ने बाबा की पूजा अर्चना पुष्प वर्षा कर सम्मान किया, चौबुर्जा वीरेन्द्र सिंह ने माला एवं फेंटा से सम्मान किया, कजयपुर से सुरेश एवं बहादुर और मुरारी का सम्मान किया गया। मस्जिद लक्कीसाडी वालों ने माला फेंटा से सम्मान किया। अम्बे ज्वैलर्स गुडडू शर्मा, सोनू करीलवाल, दीपक करीलवाल ने माला एवं फेंटा पहनाकर सम्मान किया। कोतवाली पे सोनी ज्वेलर्स ने समाज के लडकों द्वारा माला फेंटा पहनाकर सम्मान किया जिसमेकं देव सिंह, आकाश, अंकित, गौरव, अक्षय, आशु मौजूद रहे, कुम्हेर गेट प्रवीण अग्रवाल एवं सोनाजी ने माला एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में समाज के अनेक नागरिक उपस्थित रहे जिनमें बच्चू सिंह लुधियाना, मंच संचालन चन्द्रभान कवि डीग, अर्जुन वर्मा, महेन्द्र सिंह, हरी सिंह, पिंटू वर्मा, संतोष दीवाकर, वीरान सिंह, प्रभुदयाल, भगवान दास, केदार, दारा सिंह, सोनू, दीपक, चन्द्रपाल, बयाना, कलुआराम, चौधरी मनपाल, लखन, राजकमल दिवाकर, कन्हैयालाल, कलुआराम, लोकेश, जितेन्द्र बसैयाकलां, गोविन्दा, केदार, हरि सिंह, प्रेम सिंह, बलवीर, जीतू, सुनारी, अनिल, भगवान, भिक्कूराम, विजेंद्र, अमीरचंद, सोनाराम, गोपाल प्रिंसीपल, अमर सिंह, टीकम, मनहोरी, भूदेव, बलवीर, चन्द्रशेखर, महीपाल, कृष्णा आदि शामिल रहे। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और बाबा नगरसेन से क्षेत्र में सुख शांति, समृद्धि एवं एकता की कामना की। कार्यक्रम का समापन भजन कीर्तन और आरती के साथ हुआ।

# जिला शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत बूढा पुष्कर पैनोरमा का अवलोकन

- **सामूहिक जीवन तथा आत्मनिर्भरता के गुणों को आत्मसात किया**

**करौली** । राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में संचालित अंतर-जिला शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत आज का भ्रमण दिवस अत्यंत रोचक, शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक रहा। दल प्रभारी मुकेश सारस्वत ने बताया कि आज दल ने जयपुर जिले में स्थित ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण किया।

सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने आमेर किला देखा, जहाँ उन्होंने प्राचीन स्थापत्य कला, शिल्पकला एवं युद्धक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद नाहरगढ़ जूलॉजिकल पार्क में विद्यार्थियों ने विविधता पूर्ण वन्य जीवों एवं वनस्पतियों का अवलोकन किया तथा जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा। इसके उपरांत भ्रमण दल ने बिरला मंदिर और मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर के दर्शन किए। विद्यार्थियों ने यहाँ धार्मिक आस्था, कला और स्थापत्य सौंदर्य का गहन अध्ययन किया। सांयकाल में दल पुष्कर घाटी पहुँचा, जहाँ विद्यार्थियों ने प्रकृति की गोद में कैंप जीवन का अनुभव किया। खुले वातावरण में सामूहिक जीवन, अनुशासन, सहयोग तथा आत्मनिर्भरता के गुणों को आत्मसात किया। अगली प्रातः दल ने बूढ़ा पुष्कर पैनोरमा का भ्रमण कर पुष्कर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक महत्व को समझा। तत्पश्चात पुष्कर सरोवर एवं ब्रह्मा जी मंदिर के दर्शन कर विद्यार्थियों ने धार्मिक स्थलों की पवित्रता और भारतीय संस्कृति की गहराई को जाना।इस अवसर पर दल के सहयोगी गणेश चंद शर्मा ,राजेश कुमार शर्मा,देवेंद कुमार लवकुश मंगल ,मदन गोपाल धर्मप्रकाश व मानप्रकाश साथ रहे। पूरा भ्रमण अत्यंत अनुशासित शिक्षाप्रद वातावरण में सम्पन्न हुआ ।

## स्वदेशी अपनाने का संकल्प

**भुसावर भरतपुर** (निस) आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल विधायक खंडार, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा अरुण प्रधान रहे अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष हरवीर चौधरी बाछरैन ने की, वोकल फोर लोकल को अधिक से अधिक प्रचारित करने की बात कही व स्वदेशी को अपनाने पर जोर दिया व सभी को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई । फेसबुक के पास भारतीय जनता पार्टी के शहर मंडल अध्यक्ष धीरज पांडे, वैर ग्रामीण के शिव सिंह वेवर पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद बाबूजी मंडल महामंत्री बृजेश मीणा मंडल उपाध्यक्ष राजू पथैना, पूर्व सरपंच फतेह सिंह फैंटा, दीपक आरटीओ और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बैठक आज

**करौली** । जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना ने बताया कि जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक का आयोजन 15 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे से जिला प्रमुख महोदया, जिला परिषद की अध्यक्षता में भारत निर्माण राजीव गांधी जन सुविधा केन्द्र जिला परिषद सभा कक्ष में आयोजित की जाएगा ।

उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश जारी किये है।

# फेसबुक पर सीएम, भरतपुर सांसद व पूर्व कैबीनेट मंत्री पर अभद्र टिप्पणी

**नदबई भरतपुर** (निस)। सोशल मीडिया (फेसबुक) पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भरतपुर सांसद संजना जाटव व पूर्व केबीनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामलें में पुलिस सीओ अमरसिंह राठौड़ के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इससे पहले भरतपुर सांसद प्रतिनिधी गिरीश जौहरी ने पुलिस में मामला दर्ज कराया पुलिस के अनुसार जयपुर सांगानेर थाना क्षेत्र के श्याम बिहार मुहान मंडी कॉलोनी निवासी फूलसिंह प्रजापत पुत्र पूरन सिंह प्रजापत को हिरासत में लिया। बाद में जांच पडताल दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला सामने आने पर पुलिस ने मोबाइल जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों की मानें तो गिरफ्तार आरोपी ने सोशल मीडिया (फेसबुक) पर दबंग फूलसिंह प्रजापत भरतपुर एकाउंट से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भरतपुर सांसद संजना जाटव व पूर्व केबीनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की।

# जाट समाज चौरासी सम्मान समारोह में 200 प्रतिभाएं सम्मानित

- **मुख्य अतिथि झाबर सिंह खर्रा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को एकजुटता और सामंजस्य के साथ अपनी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिणक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत बनाना चाहिए।**

**हिण्डौन सिटी** । जाट समाज चौरासी प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन रविवार को जाट छात्रावास हिण्डौन सिटी में हुआ। समारोह में समाज की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 200 प्रतिभाओं को मैडल, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजाराम मील, प्रदेश सचिव राजपाल चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू, उपाध्यक्ष शीशराम कटेवा, युवा जाट महासभा प्रदेशाध्यक्ष दिनेश कुमार निठारवाल, भरतपुर जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुन्तल, साहित्यकार रामवीर सिंह वर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेन्द्र सिंह सोलंकी, सरपंच संघ अध्यक्ष भूदेव डागुर, अतिरिक्त विकिसाधिकारी लखन सिंह कुन्तल, उपजिला कलेक्टर हेमराज गुर्जर और घाटरी सरपंच कप्तान चौधरी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट समाज चौरासी अध्यक्ष गजानंद चौधरी ने की। संचालन महामंत्री देवीसिंह सोलंकी और मीडिया प्रभारी करतार सिंह चौधरी धंधावली ने किया। मुख्य अतिथि झाबर सिंह खर्रा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को एकजुटता और सामंजस्य के साथ अपनी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिणक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिण्डौन क्षेत्र की मुख्य समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। इसके तहत महाराजा सूरजमल स्टेडियम में महाराजा सूरजमल की प्रतिमा स्थापित की जाएगी, जिला मुख्यालय पर जाट समाज छात्रावास के लिए भूमि आवंटन किया जाएगा, और हिण्डौन से खरैटा सड़क का पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

कार्यक्रम में जाट समाज चौरासी की समस्त सरदारियां, समाजबंधु, गणमान्य नागरिक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत नादोती कोटा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयी हैंडवाल मलखंभ महिला/ पुरुष प्रतियोगिता का समापन समारोह राजीव गांधी संस्थान में मंगलवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव गांधी संस्थान के निदेशक डॉ प्रद्युम्न गुर्जर रहे। अध्यक्षता सेवानिवृत शारीरिक शिक्षक महेंद्र कुमार शर्मा ने की । मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा जीतने वाली टीम अभिमान नहीं कर शिखर पर बने रहने के लिए लगातार मैदान पर उतरकर मेहनत करें ।

## सार-समाचार

### सड़क निर्माण कार्यों का लोकार्पण

**भरतपुर** (निस) । कामां विधायक नौक्षम चौधरी ने ग्राम पंचायत पाई में श्मशान घाट व सडक निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। 1 करोड़ की विकास राशि की घोषणा कामां पंचायत समिति कामां की ग्राम पंचायत पाई में विधायक नोक्षम चौधरी ने की । भाजपा विधायक नौक्षम चौधरी आज दोपहर ग्राम पंचायत पाई पहुंचीं। यहां उन्होंने श्मशान घाट के जीर्णोद्धार और सड़क निर्माण कार्यों का उद्घाटन (लोकार्पण) किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में विधायक को ग्राम पंचायत की ओर से चांदी का मुकुट पहनाकर और फूल मालाओं से स्वागत किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच मस्तू सिंह गुर्जर ने की। सरपंच के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। विधायक नौक्षम चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा, सरपंच द्वारा गांव में सड़क, पानी, बिजली सहित सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए, जिसके लिए हम सरकार द्वारा बजट देते रहेंगे । ग्रामीण विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने ग्राम पंचायत पाई के समग्रविकास के लिए एक करोड़ रुपये की धनराशि की घोषणा भी की, जिससे ठाामीणों में उत्साह का संचार हो गया । इस अवसर पर भाजपा नेता निहाल मीणा, प्रदेश प्रतिनिधि अली हुसैन, फतेह राम गुर्जर, शाकिर अली, पूर्व प्रधान नौमान, मानसिंह फौजी सरपंच, देवेंद्र सिंह चौधरी सरपंच, छत्रपाल सरपंच, पुष्पेंद्र सिंह चौधरी सरपंच, देवेंद्र सरपंच (सुनहेरा) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जो स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों के प्रति विधायक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### मिठाई दुकानों से मावा, खीरमोहन के सैंपल लिए

**गंगापुर सिटी** । मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के कई मिष्ठान भंडारों से मावा, खीरमोहन और अन्य मिठाइयों के सैंपल लिए। ये कार्रवाई सीएमएचओ सवाई माधोपुर डॉ. अनिल कुमार जैमिनी के नेतृत्व में की गई। टीम में फूड सेफ्टी ऑफिसर वेद प्रकाश पूर्विया और नितेश गौतम शामिल थे। उन्होंने शहर के विभिन्न मिष्ठान भंडारों का निरीक्षण किया। टीम ने गुरुकृपा मावा भंडार और पप्पू मिष्ठान भंडार, मिर्जापुर से मावा के सैंपल एकत्र किए। इसके अतिरिक्त, देव मिष्ठान भंडार, गंगापुर सिटी से खीरमोहन का सैंपल खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लिया गया। इसके बाद टीम ने भाड़ौती क्षेत्र का दौरा किया। यहां नवीन जनता जोधपुर स्वीट होम से मोतीचूर लड्डू, गर्ग ब्रदर्स भाड़ौती से काजू टुकडी और गोविंद मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी के सैंपल लिए । इन प्रतिष्ठानों पर अन्य जिलों से बाजार भाव से काफी कम दाम पर मिल्क केक मंगवाने और बेचने के मामले सामने आए, जिससे मिलावट की आशंका जताई गई है। विभाग की टीम ने मलारना डूंगर क्षेत्र में भी मावा निर्माताओं पर कार्रवाई की। लिए गए सभी नमूनों को परीक्षण के लिए जयपुर की खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देश पर की गई। लैब रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और नियम 2011 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 'विकास में धन की कमी नहीं'

**डीग भरतपुर** (निस)। डीग कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र के गांव नसवाड़ा में विधायक डॉ शैलेश सिंह ने विधायक निधि से स्वीकृत पाँच लाख रुपये के लागत से निर्मित इंटरलॉकिंग खरंजा मय नाली निर्माण रामजीत के घर से स्कूल की तरफ़ कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सरपंच मुकेश सिंह, नंदराम सिंह, अशोक, नेमसिंह, मानसिंह, सुखदेव, बदन सिंह व अन्य ग्रामवासियों द्वारा विधायक डॉ शैलेश सिंह का चांदी का मुकुट, साफा व माला पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान ठाामवासियों ने ग्राम नसवाड़ा में खेल मैदान, नसवाडा से शीशवाडा तक सड़क निर्माण कार्य करवाये जाने, शमशान की चारदीवारी निर्माण व अन्य समस्याओं से विधायक को अवगत कराया । जिस पर विधायक डॉ सिंह ने उक्त सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाये जाने का आश्वासन दिया।इस अवसर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि नसवाड़ा व नसवाडा कॉलोनी के लिए विधायक निधि से पांच-पांच लाख रुपये स्वीकृत कर निर्माण कार्य करवाये गये है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए धन की कमी नहीं आने दी जायेगी और आगे भी अन्य विकास कार्य करवाये जायेंगे। कार्यक्रम में भाजपा डीग ठाामीण मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसै, पूर्व प्रधान देवी सिंह, भूपेन्द्र भटावली, जगदीश सहारई, शिवचरण जाटव, प्रभाती पंडित, करन मास्टर सिनसिनी, सुरेश बैलारा, जीतू बनी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

### अन्नकूट महोत्सव 28 को

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर खिरनी घाट पर अग्रवाल भवन प्रांगण में स्थित श्री अग्रेश्वर महादेव मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव आयोजित करने के संदर्भ में श्री अग्रवाल सभा, श्री अग्रवाल भवन समिति, महाराज अग्रसेन शोभायात्रा समिति एवं अग्रवाल जन चेतना मंच की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। भवन समिति के महामंत्री विष्णु लोहिया ने बताया कि अग्रेश्वर महादेव मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव 28 अक्टूबर मंगलवार को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर भव्य फूल बंगला एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई जावेगी इसी दिन 28 अक्टूबर को सुबह 8.15 बजे शिव परिवार का पंचामृत अभिषेक, दोपहर 11.45 पर महाआरती एवं 12.15 बजे से भक्तगणों को अन्नकूट प्रसादी खिलाई जावेगी एवं सायं 3.00 बजे दौना में भक्तगणों को अन्नकूट प्रसादी वितरित की जावेगी । कार्यक्रम को सफल व दिव्य बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। जिसके संयोजक घनश्याम दास दाल वालों को बनाया गया है। इस मौके पर अग्रवाल सभा अध्यक्ष सीए एम.एल.मित्तल, भवन समिति अध्यक्ष सुरेश बंसल, शोभायात्रा समिति के मोहन मित्तल, विनोद सिंघल, महेशचंद सिंघल, प्रेम गोयल, परषोत्तम डीगिया, चेतना मंच के अनिल कुमार गुप्ता रिटा कोषाधिकारी, आलोक बंसल, गोपालचंद सिंघल सर्वेअर, केशव सिंघल सर्राफ, विनोद मेडीकल, प्रहलाद गोयनका, घनश्याम दास दाल वाले, महेश गुप्ता बीमा वाले, मुकेश कुमार बूरे वाले आदि ने विचार व्यक्त किये।

### फलदार बगीचों की जानकारी दी

**भुसावर भरतपुर** (निस) । ग्रामीण उद्यिमता कृषि विकास योजनान्तर्गत कृषि महाविद्यालय भुसावर के विद्यार्थियों को फलदार बगीचों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि नये लगाये बगीचों में कीट एवं बीमारियों का भयंकर प्रकोप है, अतः पौधों को बचाने एवं उनकी अच्छी वृद्धि के लिए इनका नियंत्रण आवश्यक है। नींबू वर्गीय के फलों में लीफ माइनर व सिट्रस सिल्ला कीट के नियंत्रण के लिए इमीडाक्लोप्रिड 17.8 एस. एल आधा मिली लीटर प्रति लीटर पानी के घोल का छिड़काव करें। नींबू में साइट्स कैंकर की रोकथाम के लिए कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 2 ठााम प्रति लीटर पानी के घोल का छिड़काव करें। बेर के फल को काना होने से बचाने के लिए फल मक्खी का नियंत्रण करें, इसके लिए मेलाथियोन 50 ईसी एक मिली लीटर प्रति लीटर पानी के घोल का छिडकाव करें । डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि किसान बगीचे लगाने के शुरुआत में पौधों के सही आकार बनाने पर ध्यान नहीं देते, जिससे पौधा कमजोर होता है, उत्पादन कम मिलता है तथा बगीचे में कर्षण क्रियाये करने में परेशानी होती है। इसलिए पौधे को सही आकार देने के लिए आवश्यकतानुसार नीचे की शाखाओं को सिकेटियर से हटाते रहे तथा जमीन स्तर से दो या तीन शाखा वाला पौधा बनाने के बजाय एक मजबूत तने वाला पौधा बनाये, जिस पर तीन या चार शाखाऐं चारों ओर फैली हो। छोटे फलदार पौधों की अच्छी देखभाल से ही बाद में अच्छा उत्पादन मिलता है।

### अफीम सप्लाई मामले में दो और गिरफ्तार

**बांसवाड़ा**, (निसं)। मानगढ़ तिराहे पर नाकेबंदी के दौरान आनंदपुरी थाना पुलिस द्वारा 2.093 किग्रा. अफीम जप्त करने के मामले में पुलिस ने सप्लाई करने वाले दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कपिल पाटीदार ने बताया कि मुखबीरी साक्ष्यों से पता चला कि दोनों आरोपी को अफीम देने वाले दो अन्य आरोपी अफीम देकर लौट गये है। जिस पर पुलिस टीम ने सजगता व तकनीकी साक्ष्यों का संकलन करते हुए दो अन्य आरोपियों को भी तत्काल डिटेन कर पूछताछ की। आरोपी जीवन सिंह व ष्याम सिंह ने बताया कि उन्होंने ही गणपत व नारायण को उक्त अफीम गुजरात में बेचने के लिये दी थी। पुलिस ने मामले में जीवन सिंह सिसोदिया निवासी जातला थाना रठांजना जिला प्रतापगढ़ तथा श्याम सिंह उर्फ बंटु निवासी चौसला पुलिस थाना भावगढ़ जिला मंदसौर हाल नाकोड़ा नगर प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया।